J. S. M College Alibag-Raigad

Hindi Department

Activities Conducted By Department 2022-23

जे. एस. एम महाविदयालय, अलिबाग-रायगड स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग एवं शोध केंद्र

वर्ष 22-23 में हिन्दी साहित्य मण्डल का पुनर्गठन कर नवीनीकरण किया गया, जिसमें अध्यक्ष के रूप में महाविदयालय के प्राचार्य महोदय को अध्यक्ष पद प्रदान करते हुए गौरवान्नित किया गया। साथ ही हिन्दी साहित्य मण्डल के कार्यवाह के रूप में हिन्दी विभागाध्यक्ष कैप्टन डॉ. मोहसिन ख़ान को पद प्रदान किया गया। इस मण्डल में स्नातक और स्नातकोत्तर 6 विद्यार्थियों का सदस्य के रूप में चयन किया गया था। हिन्दी साहित्य मण्डल के संचालन हेतु संचालक तौर पर श्री.नरेंद्र पाटील को पदभार प्रदान किया गया। इस प्रकार से सन 2022-23 में हिन्दी साहित्य मण्डल का नवीनीकरण करते हुए नई योजनाएँ कार्यान्वित करने की दिशा तय की गई।

हिन्दी साहित्य मण्डल ने 14 सितंबर 2022 को हिन्दी दिवस का आयोजन किया, जिसमें "हिन्दी भाषा और देवनागरी लिपि के अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव" के संदर्भ में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, इस व्याख्यान के माध्यम से स्नातक तथा स्नातकोत्तर विदयार्थीयों को हिंदी भाषा और देवनावरी लिपि के अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव के संदर्भ में विद्यार्थीयों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह व्याख्यान हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ.मोहसिन अली ख़ान सर ने हिंदी दिवस के अवसर पर PPT के माध्यम से प्रस्तुत किया तथा हिंदी दिवस के अवसर पर कथालेखन और कविता लेखन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

20 सितंबर 2022 को लक्ष्मीशालिनी आर्टस्, कॉमर्स एंड सायन्स महिला महाविद्यालय, पेझारी में 'हिन्दी दिवस' के उपलक्ष्य में "राष्ट्रभाषा हिन्दी और करियर की संभावनाएँ" इस विषय पर अतिथि व्याख्याता के रूप में डॉ. मोहसिन अली ख़ान ने अपना अभिमत प्रस्तुत किया।

01अक्टूबर 2022 को द. ग तटकरे महाविद्यालय, माणगांव मे हिन्दी विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयुक्त संयोग से हिन्दी नाटक, एकांकी, कविता तथा निबंध साहित्य पर तृतीय वर्ष हिन्दी पेपर क्रमांक 5 को ध्यान में रखते हुए एक कार्यशाला के लिए विशेष विशेषज्ञ के रूप में डॉ. मोहसिन अली ख़ान ने अपना अभिमत प्रस्तुत किया।

10 जनवरी 2023 को विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया, जिसमें "विश्व में हिंदी भाषा का बढ़ता प्रचलन" के संदर्भ में विद्यार्थियों को विश्व में हिंदी भाषा के महत्व तथा हिंदी की वर्तमान दशा और दिशा को स्पष्ट करते हुए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन किया।

डॉ. मोहसिन ख़ान
स्नातकोत्तर हिन्दी विभागाध्यक्ष
एवं शोध निर्देशक
जनता शिक्षण मण्डल द्वारा संचालित
कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,
अलिबाग-४०२२०१, ज़िला-रायगड़ (महाराष्ट्र)